# मुख्य सचिव ने अचानक जे.डी.ए. पहुंचकर अफसरों का कामकाज और उपस्थिति जांची

## कमिश्नर आनंदी द्वारा किये गए नवाचारों और मौजूदा प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स देखकर काम की सराहना की

**जयपुर।** मुख्य सचिव सुधांश पंत बुधवार सुबह 10 बजे अचानक जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए ) पहुंच गए। उन्होंने मुख्य भवन और अधिकारियों के कमरों का जाकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जयपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त आनंदी भी मौजूद रही। मुख्य सचिव ने जेडीए द्वारा किए गए नवाचार और मौजूदा प्रोजेक्ट की रिपोर्ट का प्रजेंटेशन देखा। इस दौरान मुख्य सचिव ने जेडीसी आनंदी की तारीफ की। लेटलतीफ अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर आने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अधिकारी अगर समय पर आएंगे तो जनता के काम ज्यादा हो सकेंगे।

दरअसल, मुख्य सचिव सुधांश पंत बुधवार सुबह अचानक जयपुर विकास प्राधिकरण पहुंच गए थे। इस दौरान सबसे पहले मुख्य सचिव ने मुख्य भवन का निरीक्षण किया। जहां ग्राउंड फ्लोर का निरीक्षण करने के बाद वह सीधे सेकेंड फ्लोर पर पहुंचे। जहां अधिकारियों के कमरों में उनकी मौजूदगी और फाइलों की स्थिति को जाना।

औचक निरीक्षण के बाद अब मुख्य सचिव सुधांश पंत ने जयपुर विकास प्राधिकरण के मंथन सभागार में लंबित फाइलों के साथ ही शहर के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स और भविष्य की योजनाओं को लेकर की गई प्लानिंग का रिव्यू किया। पंत ने कहा हर विजिट में निरंतर इम्प्रूवमेंट हो रहा है, फाइल डिस्पोजल की प्रक्रिया में भी तेजी आई है। जेडीसी मैडम ने अच्छा काम किया है। जेडीए में आम जनता से जुड़े पट्टे, सब-डिवीजन से लेकर तमाम कार्य सही तरीके और समय अवधि में हो रहे हैं। मुझे यहां पहले के मुकाबले काफी इम्प्रूवमेंट नजर आया है, हालांकि कुछ कमियां अब भी है। जिन्हें दुरुस्त करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। उन्होंने कहा कि पहले के मुकाबले जयपुर विकास प्राधिकरण में फाइलों की पेंडेंसी 10 प्रतिशत रह गई है, जो काफी अच्छी बात है।



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार सुबह 10 बजे अचानक जयपुर विकास प्राधिकरण मुख्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। उनके साथ आयुक्त आनंदी भी मौजूद थीं।

मुख्य सचिव ने बताया कि आज जब में जेडीए पहुंचा। तब भी काफी अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित वक्त पर ऑफिस नहीं पहुंचे थे। जिसमें सुधार के लिए मैंने जेडीसी को आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री राजस्थान में गुड गवर्नेंस को लागू करना चाहते हैं। जिसमें पंक्चुएलिटी सबसे महत्वपूर्ण है। ऐसे में अगर कोई अधिकारी समय पर अपने ऑफिस पहुंचेगा। तो वह ज्यादा से ज्यादा काम कर आम जनता की मदद कर सकेगा।

गौरतलब है कि मुख्य सचिव सुधांश पंत इससे पहले भी जयपुर विकास प्राधिकरण का औचक निरीक्षण कर चुके हैं। पिछले साल जनवरी में मुख्य सचिव ने जेडीए ऑफिस का औचक निरीक्षण किया था, तब अधिकारियों और कर्मचारियों की लेट लतीफे पर कार्मिक विभाग ने जेडीए के 1 आईएएस और 2 आरएएस अधिकारियों को एपीओ कर दिया था।

ज्ञात रहे कि मुख्य सचिव सुधांश पंत वर्ष 2010 में जयपुर विकास प्राधिकरण के आयुक्त रह चुके हैं। ऐसे में उन्हें जयपुर विकास प्राधिकरण की कार्यशैली का अच्छा खासा अनुभव है। इसीलिए आज उन्होंने सबसे पहले जेडीए से अपने दौरे की शुरुआत की, क्योंकि पिछले लंबे वक्त से जेडीए में अधिकारियों और कर्मचारियों की लेटलतीफी से आम जनता काफी परेशान थी।

- **पंत ने लेटलतीफ अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर आने की हिदायत दी**
- **मुख्य सचिव ने कहा ''पहले के मुकाबले अब काफी सुधार हुआ है, अगर अधिकारी समय पर आएं तो काम ज्यादा होगा''**

# जयपुर डिस्कॉम में अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों का होगा शीघ्र निस्तारण

## विभागीय नोडल अधिकारी और केस प्रभारी के दायित्व निर्धारित

**जयपुर।** जयपुर डिस्कॉम में निगम के मृतक कर्मचारियों के आश्रितां को अनुकम्पात्मक आधार पर नियुक्ति के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों के शीघ्र निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी एवं केस प्रभारियों के दायित्व निर्धारित कर दिए हैं। इससे अनुकम्पा नियुक्ति एवं कर्मचारी की मृत्यु उपरान्त आश्रितों को मिलने वाले सभी परिलाभों के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदनों व प्रकरणों का समय पर निस्तारण सुनिश्चित होगा।

डिस्कॉम चेयरमैन व जयपुर डिस्कॉम की प्रबन्ध निदेशक आरती डोगरा ने बताया कि निगम के सभी वृत्ताधिकारी व नियंत्रक अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अनुकम्पा नियुक्ति आवेदन पत्रों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इसके लिए मृतक के आश्रित या परिवारजनों को अनावश्यक रुप से कार्यालय नही आना पड़े। आश्रित का निवास क्षेत्राधिकार या वृत से होने पर भी नियंत्रक अधिकारी सक्षम प्राधिकारी की अनुमति लेकर केस प्रभारी द्वारा कार्यवाही करवाएंगे। उन्होंने बताया कि निगम कर्मचारी की मृत्यु उपरान्त मृतक आश्रितों को मिलने वाली पेंशन प्रकरणों के समय पर निष्पादन के लिए नोडल अधिकारी एवं केस प्रभारी को निर्देशित किया गया है कि पेंशन प्रकरण औपचारिकताएं पूर्ण करवाकर पेंशन प्रकरण कर्मचारी की मृत्यु के एक माह के भीतर पेंशन अनुभाग को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। निर्देशों की किसी भी स्तर पर अवहेलना होने पर सम्बन्धित कार्मिक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

निगम में किसी भी कर्मचारी की सेवाकाल में मृत्यु होने पर नोडल अधिकारी द्वारा 48 घंटे के भीतर केस प्रभारी नियुक्त किया जाएगा एवं केस प्रभारी के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा की मृत निगम कर्मचारी के परिवारजन को अनुकम्पा नियुक्ति नियमों एवं आवेदन की सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी अच्छे से समझा दी गई है। यह सुनिश्चित करना की मृत निगम कर्मचारी के एक पात्र आश्रित द्वारा निर्धारित अवधि में अनुकम्पा नियक्ति हेतु आवदेन कर दिया जावे। अनुकम्पा नियक्ति आवेदन के साथा विभाग के स्तर पर जारी होने वाले आदेश/प्रमाणपत्र या अन्य दस्तावेज तैयार करवाना। अनुकम्पा नियुक्ति आवेदन प्राप्त होने पर उसकी सम्पूर्ण जांच करना तथा आवेदन मे कोई कमी पायी जाए तो केस प्रभारी के सहयोग से 30 दिन में पूर्ण करवाना एवं सक्षम स्तर से अनुमोदित करवाकर 45 दिवस के अन्दर नियुक्ति आदेश जारी करवाना।

मृत निगम कर्मचारी के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति के सम्बन्ध में जानकारी देने के साथ ही आवेदन पत्र उपलब्ध करवाना एवं सतत् सम्पर्क में रहकर पात्र आश्रित से निर्धारित समयावधि में आवदेन प्राप्त करना। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की कमी को स्वयं पहल करते हुए पूर्ण करवाना। आश्रित द्वारा कार्यालयाध्यक्ष के पास आवेदन करने पर 15 दिवस मे आवेदन पूर्ण करवाते हुए विभागाध्यक्ष कार्यालय को प्रेषित किया जाना। नियुक्ति आदेश जारी होने पर मृत निगम कर्मचारी आश्रित को सूचित करना।


# 32 बीघा कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी ध्वस्त

## सामरिया रोड पर 'नरेन्द्र मोहन नगर'' के नाम से काटी गई थी कॉलोनी

**जयपुर (कासं)।** जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रतर्वन दस्ते ने बुधवार को 32 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर बसाई जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त किया। इसके साथ ही लालकोठी इलाके में लक्ष्मी मंदिर से सहकार मार्ग व अण्डरपास के आस-पास दोनो तरफ सड़क सीमा से भी अतिक्रमण हटाया।

महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-13 में सामरिया रोड पर करीब 32 बीघा निजी खातेदारी की कृषि भूमि पर ''नरेन्द्र मोहन नगर'' के नाम से अवैध कॉलोनी बसाने की तैयारी थी। काश्तकार ने जेडीए से बिना कोई अनुमति और बिना भू-रूपांतरण रातोंरात यहां मिट्टी-ग्रेवल की सड़क, बाउंड्रीवाल और कई अवैध निर्माण कर लिए थे। जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से इस कॉलोनी में ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

- **काश्तकार ने कॉलोनी काटने से पूर्व ना तो जे.डी.ए. प्रशासन से अनुमति ली और ना ही भू-रूपांतरण कराया**



इसके अलावा लालकोठी इलाके में लक्ष्मी मंदिर से सहकार मार्ग, अण्डरपास सब्जीमण्डी के आस-पास करीब 60 स्थानों पर दोनों तरफ सड़क सीमा व फुटपाथ से थड़ी-ठेलें, बांस तम्बू, तिरपाल, टेबल व कुर्सियां हटाई।

## स्कूल में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार

**जयपुर।** शास्त्री नगर पुलिस ने 15 जनवरी को सरकारी स्कूल से लाखों रुपये के सामान चुराने वाले दो चोरों को पकडा है और उनके पास से चुराया गया सारा सामान भी जब्त कर लिया है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शास्त्री नगर का ताला तोड़कर लाखों रुपये सामान चुराने वाले मोहम्मद एजाज उर्फ बिच्छू निवासी भट्टा बस्ती और फरदीन खान निवासी संजय नगर भट्टा बस्ती जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है पूछताछ में और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

# डी.आर.आई. ने जयपुर एयरपोर्ट पर 3.7 किलो ''हाइड्रोपोनिक वीड'' के साथ दो तस्कर दबोचे

- **बैंकॉक से जयपुर पहुंची फ्लाइट में आये थे नशे की तस्करी सिंडिकेट से जुड़े दोनों युवक-युवती**
- **आरोपियों से जब्त ''हाइड्रोपोनिक वीड'' की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में 3.7 करोड़ रु. आंकी गई है। राजस्व खुफिया निदेशालय ने दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया।**

**जयपुर।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डी.आर.आई.) की टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देकर 2 यात्रियों को गिरफ्तार किया है। डी.आर.आई. टीम ने महिला यात्री के ट्रॉली बैग से 3.7 किलो हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3.7 करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने बताया कि हमें खुफिया जानकारी मिली थी कि जयपुर एयरपोर्ट पर मंगलवार रात को बैंकॉक से आने वाली फ्लाइट संख्या एफ.डी. 130 से दो यात्री ''हाइड्रोपोनिक वीड'' लेकर आ रहे है। इस पर डी.आर.आई. टीम ने जयपुर एयरपोर्ट पर जाल बिछाया और प्रत्येक यात्री पर नजर रखी। इसी दौरान एक महिला यात्री के ट्रॉली बैग की जांच की गई तो उसमें 3.7 किलो ''हाइड्रोपोनिक वीड'' मिला। इस पर टीम ने महिला और उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया और बुधवार को दोनों को कोर्ट के समक्ष पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपी नशे की तस्करी सिंडिकेट से जुड़े हुए है। ''हाइड्रोपोनिक वीड'' ऐसा मादक पदार्थ होता है, जो मिट्टी के बजाय पानी के तरल घोल में भी उगाया जा सकता है। यह गांजे की तरह ही होता है।

## लॉ कॉलेज का दौरा कर तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करें वकील : हाईकोर्ट

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर के दो वकीलों लक्ष्मीकांत शर्मा व रामप्रताप सैनी को मौखिक रूप से कहा है कि वे राजस्थान विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज का दौरा कर वहां की तथ्यात्मक रिपोर्ट पेश करें। जस्टिस समीर जैन ने यह मौखिक निर्देश बुधवार को दिए। अदालत ने दोनों वकीलों को कहा है कि वे तीनों लॉ कॉलेजों में जाकर वहां की सुविधाओं और अव्यवस्थाओं को देखें। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए बने शौचालय, पुस्तकालय और कक्षाओं के संसाधनों के हालातों पर रिपोर्ट दें।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए अलर्ट मोड पर आया हैरिटेज निगम

## आयुक्त रोज शाम को वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये लेंगे अफसरों से फीडबैक

**जयपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 को लेकर हैरिटेज निगम प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। केंद्र सरकार की ओर से स्वच्छता सर्वेक्षण जल्द शुरू होने वाला है। ऐसे में बुधवार को हैरिटेज निगम आयुक्त अरुण कुमार हसीजा ने निगम मुख्यालय में समीक्षा बैठक ली।

आयुक्त अरुण हसीजा ने सभी शाखा और विभागों के प्रगतिरत कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने निगम अधिकारियों से ओपन कचरा डिपो खत्म करने, वार्डो में सफाई व्यवस्था, रोड पेच वर्क आदि के बारे में जानकारी ली। हसीजा ने कहा कि अब स्वच्छता संबंधी कार्यों के फीडबैक को लेकर रोजाना वीसी के जरिए मीटिंग ली जाएंगी। इसके लिए स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित कार्यों के दिए टास्क के बारे में जाना जाएगा। उन्होंने वार्डो में सभी कालोनियों में दो बार सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए, साथ ही ओपन कचरा डिपो को पूरी तरह से खत्म करने के निर्देश दिए।



हैरिटेज निगम आयुक्त अरूण कुमार हसीजा ने बुधवार को अधिकारियों की बैठक लेकर जयपुर की सफाई व्यवस्था पर चर्चा की।

इसके अलावा स्कूल और अस्पतालों में भी सफाई व्यवस्था सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यानों में साफ सफाई, जैविक खाद्य बनाने के भी निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री सद्भावना के केंद्र पर आने वाले वस्त्र और वस्तुओं को जरूरत मंद लोगों को बांटने के लिए भी कहा। आयुक्त अरुण हसीजा ने निगम क्षेत्र में आने वाले पर्यटक स्थलों के पास बने वेडिंग जोन में लगे कियोस्क को भी सुनिश्चित तरीके से लगवाने के निर्देश दिए। साथ ही गंदगी फैलाने पर सख्त कार्रवाई कर चालान करने के निर्देश दिए।

## केन्स ने उठाई संरक्षण की मांग

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल की अध्यक्षता में आयोजित बजट पूर्व संवाद में बुधवार को राज्य में उपभोक्ता हितों के प्रभावी संरक्षण के लिए बजट में कंज्यूमर इंट्रेस्ट एंड फेयर बिजनेस इन्क्रेजमेंट बोर्ड व कंज्यूमर स्टडी एंड रिसर्च सेंटर सहित विभिन्न सुझाव रखे गए। मुख्यमंत्री सचिवालय में एनजीओ, सिविल सोसायटी और उपभोक्ता मंच फोरम के प्रतिनिधियों के साथ हुए इस संवाद में अग्रणी उपभोक्ता संस्था केन्स के अध्यक्ष डॉ. अनन्त शर्मा ने सभी जिलों में खाद्य पदार्थ जांच प्रयोगशालाओं के गठन, उपभोक्ता आयोगों को अधिक प्रभावी बनाने व वीसीए-पीसीए प्रमोशन प्रोग्राम चलाए जाने का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने विभिन्न मुद्दों पर प्रभावी कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित विभिन्न मंत्री, राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव सुधांश पंत, उपभोक्ता मामले विभाग के प्रमुख सचिव सुबीर कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे। संवाद में दो उपभोक्ता संगठनों सहित लगभग तीस अन्य क्षेत्रों में कार्य कर रहे एनजीओ व सिविल सोसायटी संगठनों के प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए।

# हाऊसिंग बोर्ड में चेक से भुगतान पर रोक, ऑनलाइन पैमेंट ही होंगे

## भुगतान प्रक्रिया को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाने के लिए आवासन मंडल ने लिया निर्णय

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल ने भुगतान में होने वाले अनावश्यक विलंब को रोकने और पारदर्शिता को बेहतर बनाने के लिए चेक से भुगतान पर रोक लगाते हुए सभी भुगतान आरटीजीएस/ नेफ्ट या ऑनलाइन ट्रांसफ़र द्वारा ही किये जाने के निर्देश जारी किये है।

- **आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने आदेश की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी**

आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा ने बताया कि अभी तक मण्डल के कार्यालयों द्वारा चैक से भुगतान किया जाता था जो कि वर्तमान डिजिटल युग में प्रासंगिक, तार्किक





आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा

और युक्तियुक्त नहीं है, साथ ही इससे प्राप्तकर्ता को राशि प्राप्त करने में अनावश्यक विलंब होता था इसी के मध्यनज़र ये आदेश जारी किए है। उन्होंने बताया कि आदेशों की अवहेलना करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मण्डल आगे भी अपनी कार्यप्रणाली को बेहतर, प्रभावी और पारदर्शी बनाने के लिए प्रयासरत रहेगा।

# यातायात अधिनियमों की पालना में सख्ती से घटेंगे सड़क हादसे : अनिल पालीवाल

## राजस्थान पुलिस अकादमी में रोड सेफ्टी प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहले दिन हुए 6 सैशन

**जयपुर।** यातायात प्रबंधन की दिशा में हमारा हर छोटा कदम मानवीय जीवन को सुखी और सुरक्षित बनाएगा। ऐसे में पुलिसकर्मी और अधिकारी यातायात से संबंधित अधिनियमों में छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देते हुए रोजमर्रा की पुलिसिंग में लॉ एनफोर्समेंट की प्रभावी कार्यवाही करे। इससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि और प्रभावित परिवारों जो संकट आता है, ऐसी दु:खद स्थितियों में सुधार आएगा। यह बात अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) पुलिस, यातायात अनिल पालीवाल ने बुधवार को राजस्थान पुलिस अकादमी में कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम आन रोड सेफ्टी विषय पर आरम्भ हुए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए कहीं। एडीजी पालीवाल ने कहा कि नए कानूनों के तहत 60 पुलिस एक्ट में यातायात से सम्बंधित विषयों पर एक्शन के लिए थाना और सर्किल स्तर के पुलिस अधिकारियों को विशेष पावर मिली हुई है। सुगम और सुरक्षित यातायात में दुकानों के आगे सामान और अन्य सामग्री का डिस्पले जैसी स्थितियों से जो बाधा उत्पन्न होती है, उन पर पुलिस अधिकारी संज्ञान लेते हुए एक्शन लें। उन्होंने कार्यक्रम में युवा प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि यातायात प्रबंधन से जुड़े एक्ट और प्रावधानों को गहनता से समझे और उन्हें फील्ड में अमल में लाएं।



ए.डी.जी. यातायात अनिल पालीवाल ने बुधवार को सड़क सुरक्षा के लिए उल्लेखनीय कार्य करने वाले जवानों को पुरस्कृत किया।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एटीएस एवं एसओजी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार ने सड़क दुर्घटनाओं को मजबूत बनाते हुए एक्सीडेंट्स में पीड़ितों को तुरंत मदद और राहत दिलाने में योगदान देने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए कई स्कीम्स और पुरस्कार घोषित किए हैं, उनका व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है, नागरिकों की जागरूकता और सजगता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की शासन सचिव एवं आयुक्त शुची त्यागी ने कहा कि सड़क दुर्घटना में किसी नागरिक की मृत्यु सम्बंधित परिवार के लिए एक बड़ी त्रासदी के समान होती है। उन्होंने ट्रैफिक प्रबंधन के लिए 4 ई के सिद्धांत इंजीनियरिंग, एनफोर्समेंट, एजुकेशन और इमरजेंसी का जिक्र करते हुए कहा कि दुपहिया वाहन चलाने वाले के हेलमेट पहनने और चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट लगाने की सजगता से ही सडक हादसों में मृत्यु के आंकड़े को घटाया जा सकता है। एडीजी एस सेंगथिर ने कहा कि वर्ष 2030 तक सड़क हादसों के आंकड़े में 50 प्रतिशत तक कमी लाने के लिए सभी मिलकर काम करें।

## साइबर अपराध रोकने के लिए क्या कार्रवाई की?

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट व साइबर क्राइम की बढती घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कहा कि ये अपराध दुनियाभर में बढे हैं और भारत देश में भी लाखों लोग इनसे प्रभावित हुए हैं। इसके चलते हजारों निर्दोष लोगों ने ना केवल अपनी कमाई खो दी, बल्कि कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। डिजिटल अरेस्ट व साइबर क्राइम से हर क्षेत्र के लोग प्रभावित हो रहे हैं और ऐसे में इनसे हो रहे अपराधों से आमजन को बचाने और इनके खिलाफ ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है। वहीं अदालत ने इस मुद्दे पर स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए केन्द्र व राज्य सरकार, डीजीपी, आरबीआई व अन्य पक्षकारों से जवाब देने के लिए कहा है। अदालत ने पूछा है कि उन्होंने इससे जुडे अपराधों को रोकने के लिए क्या ठोस कार्रवाई की। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश स्वप्रेरित प्रसंज्ञान मामले में सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि हालांकि राज्य सरकार ने इन अपराधों पर अंकुश के लिए कदम उठाए हैं, लेकिन फिर भी इनकी रोकथाम के लिए ठोस कार्रवाई करने की जरूरत है।

## सार-समाचार

### जोधपुर में 1 से 5 फरवरी तक होगा रिफ

**जयपुर।** राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) के 11वे संस्करण का आयोजन मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के सहयोग से 1 से 5 फरवरी तक जोधपुर में होगा। इस साल का फेस्टिवल सिनेमास्थान – अ पैनोरमा ऑफ सिनेमा इन राजस्थान थीम पर आधारित होगा। रिफ के संस्थापक सोमेन्द्र हर्ष ने बताया कि इस वर्ष प्राइड ऑफ राजस्थान अवॉर्ड जोधपुर के एक्टर करणवीर बोहरा को दिया जाएगा। राजस्थान के करणवीर बोहरा ने बॉलीवुड और टेलीविजन जगत में अपनी खास पहचान बनाई है। करणवीर ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत एक बाल कलाकार से की थी। कई पुरस्कारों से नवाजा गया है। रिफ के संस्थापक एवं फेस्टिवल डायरेक्टर अंशु हर्ष और सोमेंद्र हर्ष ने बताया की इस वर्ष ब्लैक बॉक्स सेटअप के अंतर्गत वीविंग रूम और रिफ फिल्म मार्केट की फिल्मों को पूरे पांच दिनों तक देखने की सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके बाद 2 से 5 फरवरी तक फिल्म स्क्रीनिंग, ओपन फोरम, कार्यशालाएं और टॉक शो होंगे। इसके अलावा फिल्म स्टॉल्स और प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। रिफ का समापन समारोह और रिफ अवॉर्ड नाइट 2025 का आयोजन 5 फरवरी को जोधपुर के जयपोल, मेहरानगढ़ किले और चोखेलाव महल टेरेस में होगा।

### राजस्थान विज़नरी समिट का आयोजन

**जयपुर।** आई एजुकेशनलाईज़ ने स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व को दर्शाते हए राजस्थान विज़नरी समिट का आयोजन किया। शहर के टोंक रोड स्थित होटल में आयोजित हुए इस सेमिनार में अजमेर, सीकर, दौसा और जयपुर के लगभग 45 प्रतिष्ठित स्कूल लीडर्स ने भाग लिया। जहां इस समिट में 7 प्रमुख विश्विद्यालयों के डीन और निदेशक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में एजुकेशन सेक्टर के जाने-माने गणमान्य लोगों में एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी से डॉ. बालाजी माधवराव पाटिल, महिंद्रा यूनिवर्सिटी से डॉ. प्रदीप राचेरला, मोदी यूनिवर्सिटी से प्रबीन झा, आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी से डॉ. अर्चना राठौड़, एलायंस यूनिवर्सिटी से भावना गोखले, बेनेट यूनिवर्सिटी से प्रो. (डॉ.) राजेश चक्रवर्ती और गितम यूनिवर्सिटी से सागर गौतम मौजूद रहे। समिट में दो प्रमुख विषयों पर विचार-विमर्श हुआ जिसमें स्कूलों से विश्वविद्यालयों और फिर कॉर्पोरेट जगत तक छात्रों के संक्रमण की प्रक्रिया। इस चर्चा में दो मुख्य विषय बदलते शैक्षिक परिदृश्य और इस अंतर को पाटने के लिए आवश्यक कौशल पर ध्यान केंद्रित करना और स्कूलों और विश्वविद्यालयों के बीच सहयोगात्मक दृष्टिकोण का महत्व-यह भविष्य की शिक्षा के लिए एक आवश्यकता है या एक अनिवार्यता रहे।

### माली समाज ने दी आंदोलन की चेतावनी

**जयपुर।** श्याम नगर इलाके के कटेवा नगर गुर्जर की थड़ी निवासी मोतीलाल सैनी के घर में घुसकर 9 जनवरी की रात को महिलाओं के साथ मारपीट का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने के विरोध करते हुए राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान और सैनी अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला तो सड़कों पर उतर कर पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद गहलोत, महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट अनुभव चंदेल, सैनी अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भागचंद सैनी और राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री भवानी शंकर माली समेत कई लोग मौजूद थे।

### शिव-शक्ति हनुमान मंदिर में पौष बड़ा

**जयपुर।** त्रिपोलिया बाजार तंवर जी का नोहरा स्थित श्री शिव शक्ति हनुमान मंदिर में बुधवार को पौष बड़ा महोत्सव आयोजित किया गया। दुर्गेश भारती और तरुण भारती ने बताया कि इस अवसर पर हनुमान जी, शिव परिवार, मां दुर्गा और गणपति का अभिषेक कर नवीन पोशाक धारण कराई गई। फूलों से श्रृंगार किया गया। संगीतमय सुंदरकांड और भजन संध्या के बाद भोग लगाया गया। सभी भक्तों को पौष बड़ा प्रसादी वितरित की गई।